तापमान

अधिकतम 22.7 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 27 दिसंबर 2023

12 सुंदर पगड़ी व धमाला साहिब के मुकाबले में युवाओं ने दिखाए जौहर



12 स्कूल शिक्षा के मंदिर, पढ़ने वाले छात्र समाज की अमूल्य धरोहर



## खबर संक्षेप



### पैक्स कर्मचारी आज करेंगे सीएम आवास का घेराव

**कुरुक्षेत्र।** मंगलवार को पैक्स कर्मचारी महासंघ हरियाणा के कर्मचारियों की एक बैठक शाहाबाद पैक्स में सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता कर्मचारी मंजीत सिंह ने की। बैठक के बाद हरियाणा सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों ने बुधवार को करनाल में मुख्यमंत्री का घेराव करने बारे कहा। मंजीत सिंह ने बताया कि हरियाणा में सभी पैक्स कर्मचारी सरकार की नीतियों से परेशान है और इससे पहले 19 दिसंबर को पंचकूला में हरियाणा के सभी पेक्स कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन किया था।

### चोरों ने सूने घर से चुराई 25 हजार की नकदी

**यमुनानगर।** शहर की सत्यम विहार जोगिंदर नगर कॉलोनी से चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 25 हजार रुपये की नकदी तथा चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य घर का ताला लगाकर सरहिंद पंजाब गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने के लिए गए थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नपा ने रादौर में चलाया विशेष सफाई अभियान

**रादौर।** नगरपालिका की ओर से मंगलवार को कस्बे में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नपा सचिव सुरेंद्र मलिक की देखरेख में कस्बे के कॉलेज रोड पर जेसीबी मशीन से सड़क किनारे पड़ी गंदगी की सफाई करवाई गई। नपा सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि कस्बे में गलियों व नालों की विशेष साफ-सफाई करवाई जा रही है।

### 80 पूडिया गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर के मनमोहन नगर एरिया से पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में मनमोहन नगर के रामचंद्र को 80 पूडिया गांजा सहित काबू किया है। अब पुलिस ने आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है।

### मादक पदार्थ के साथ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने भारत नगर काबड़ी रोड पर नशा तस्कर ओमपाल पुत्र खिलाराम निवासी गांव काबड़ी जिला पानीपत को 1 किलो 35 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी ओमपाल के खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पिछले कई दिन से कंपकपाती ठंड ने जनजीवन किया अस्तव्यस्त

# घने कोहरे व शीतलहर से ठिठूरे लोग

मंगलवार को तीसरे दिन भी शीतलहर चलने और घना कोहरा छाए रहने से लोग ठंड में ठिठूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में पिछले कई दिन से शीतलहर चल रही है और घना कोहरा छाए रहने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। मंगलवार को तीसरे दिन भी अल सुबह से लेकर दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा। आलम यह रहा कि घना कोहरा छाए रहे व शीतलहर चलने से मौसम में बनी हाड़तोड़ ठंड ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। दोपहर बाद ही सूर्य देव के दर्शन हुए और लोगों ने धूप तापकर ठंड से राहत की सांस ली। वहीं, घना कोहरा पड़ने से जिले का तापमान गिरकर न्यूनतम मात्र छह डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

### घने कोहरे में वाहनों की हुई रफ्तार कम

मंगलवार अलसुबह तीन बजे से ही जिले में घना कोहरा छा गया था और शीतलहर चल रही थी। वहीं, दोपहर एक बजे तक आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलने से मौसम में हाड़तोड़ ठंड बनी रही। दोपहर एक बजे के बाद किसी तरह सूर्यदेव के आगे से धुंध के बादल छंटने लगे और हल्की-हल्की धूप निकली। धूप निकलने पर लोगों ने घरों से बाहर निकलकर किसी तरह अपने कामकाज निपटाए। मगर शाम चार बजे फिर से धूप गायब हो गई और लोग अपने गंतव्यों की रुख करने लगे। खास बात यह रही कि दोपहर तक जहां ट्रेने अपने निर्धारित समय से आधा से दो घंटा देरी से पहुंची। वहीं, बसों की रफ्तार भी धीमी रही और वह अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची।

### तापमान घटने से ठंड ने छुड़वाई कंपकपी

मंगलवार को मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से जिले का न्यूनतम तापमान घटकर न्यूनतम छह डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रह गया।



**यमुनानगर।** मंगलवार को सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन।

### बाजारों में ग्राहकों की कम रही आवक

पिछले कई दिन से पड़ रही ठंड की वजह से बाजारों में ग्राहकों की कमी दर्ज की गई है। मंगलवार को भी बाजारों में ग्राहक कम संख्या में पहुंचे। जिससे दुकानदारी ठंडी रही। दुकानदार विक्रांत, सुनील, अमित सैनी व विशाल आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से मौसम काफी खराब चल रहा है। जिसकी वजह से बाजारों से ग्राहकों की रौनक गायब है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जिले में जहां दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा, वहीं, दिन भर शीत लहर चलने से लोग घरों से बाहर नहीं निकले। कुछ ही ग्राहकों ने खरीददारी करने की हिम्मत जुटाई।

### कोहरे की चादर में लिपटा शहर, जनजीवन अस्त व्यस्त



**कुरुक्षेत्र।** आसमान में छाई कोहरे की चादर।

**कुरुक्षेत्र।** मंगलवार को दोपहर तक शीतलहर चलने के साथ ही घना कोहरा छाया रहा। इस कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शीतलहर चलने के कारण कड़ाके की सर्दी पड़ने से लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा। सुबह के समय लोग नींद से जागे तो उन्हें अंधेरे-सा अहसास हुआ। वाहन चालकों को दिन के समय भी हेडलाइट जलाना पड़ी। कोहरा इतना अधिक रहा कि आस-पास के मकान भी धुंधले दिखाई दे रहे थे। कपंकपाती सर्दी से बचने के लिए गलियों, चौराहों के साथ ही लोगों ने दुकानों के सामने अलाव जलाकर आग तापते रहे। सर्दी का प्रभाव इतना अधिक था कि गर्म कपड़े पहनने के बाद भी लोगों को ठंड से छुटकारा नहीं मिल पा रहा था। अलाव जला कर सर्दी से निजात पाने का प्रयास किया गया। ठंड के साथ धुंध लगातार बढ़ती जा रही है। हवा में ठिठुरन से हाड़ कंपाऊ ठंड से लोग परेशान हो रहे हैं। साथ पड़ रहा कोहरा भी कहर ढाने लगा है। सर्दी की अधिकता के चलते वाहन चालकों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि यह कोहरा किसानों के लिए फायदेमंद बताया जा रहा है। लेकिन दूसरी तरफ धुंध के चलते दृश्यता काफी कम रही। इसके चलते वाहनों की रफ्तार धीमी रही। सड़कों पर वाहन सवार लाइट जलाकर चलते नजर आए। दोपहर 12 बजे तक कोहरा छाया रहा। सुबह अपने कामकाज पर जाने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर, बाजारों में सुबह सर्दी के चलते दुकानें काफी देरी से खुली। दुकानदारों ने सुबह सर्दी से बचाव के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ा। वहीं सर्दी के प्रभाव को देखते हुए बाजारों में गर्म कंबलों, कोट, गर्म जैकेट, जर्सी की भी मांग बढ़ गई है। गौरतलब है कि कोहरे के चलते ठंडक बढ़ गई है। सुबह से समय लोग गर्म कपड़ों में लिपटे हुए दिखाई दिए। दोपहिया वाहन चालक जब अपने गंतव्य पर पहुंचे तो उनके कपड़ों पर भी कोहरा जम गया था। दोपहर 12 बजे कोहरा हटा और इसके बाद हलकी धूप निकली।



इंद्री। गांव मटकमाजरी के पास बन रहे निर्माणाधीन शौरूमो पर चलता पीला पंजा।

## योजनाकार विभाग की टीम ने चलाया पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

जिला योजनाकार विभाग की टीम ने मंगलवार को इंद्री में पहुंचकर अवैध रूप से बने निर्माणाधीन चार शोरूमों व एक अवैध कॉलोनी में बनी मकान की नींव को पीले पंजे की सहायता से ध्वस्त कर दिया। डीटीपी ओमप्रकाश व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर नगरपालिका इंद्री सचिव धर्मवीर भारी पुलिस बल के साथ इंद्री के मटक माजरी के पास खेड़ा रोड पर पहुंचे और वहां पर अवैध रूप से बनाए जा रहे तीन निर्माणाधीन शोरूमो को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया इसके बाद इन्ही शोरूमो के पीछे बनी एक अवैध कॉलोनी मे निर्माणाधीन मकान की नींव को भी तोड दिया। इस कार्यवाही के बाद डीटीपी अपनी टीम के साथ मुरादगढ रोड पर पहुंचे और वहां पर भी सड़क किनारे एक अवैध रूप से बन रहे निर्माणाधीन शौरूम को ध्वस्त कर दिया। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से इंद्री कस्बे के चारो तरफ धड़ल्ले से अवैध निर्माण का कार्य चल रहा था। जिला योजनाकार विभाग की इस कार्यवाही से अवैध रूप से निर्माण करने वाले लोगों में हडक़ंप मच गया। डीटीपी ओमप्रकाश ने लोगो से कहा कि वे अवैध कलोनियो मे प्लाट न खरीदे क्योकि अवैध कलोनियों मे इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

### 528 नशीले कैप्सूल सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र के नौरंग तालाब से नशीले कैप्सूलों की तस्करी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी आशीष मल्होत्रा को काबू किया है। अब पुलिस ने उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्करी का कार्य करता है। इसके बाद पुलिस ने नौरंग राय तालाब के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 528 नशीले कैप्सूल बरामद हुए।

## पेयजल की पाइप न डाले जाने के कारण कॉलोनी वासियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

वार्ड नंबर सात स्थित बालाजी मंदिर वाली गली में पिछले कई वर्षों से पीने की पाइप ना डाले जाने के कारण कॉलोनी वासियों में प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। कॉलोनी वासी बार-बार संबंधित विभाग व प्रशासन को इसके बारे में अवगत करवा चुके हैं लेकिन उसके बावजूद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही गुस्साए कालोनी वासियों ने प्रशासन के खिलाफ कॉलोनी में एकत्रित होकर रोष प्रकट किया है।

नीरज कुमारी गणपति, किरण, आशा रानी, अमित, साहिल,पोली देवी, यश, गोल्डी नर्मिला व रविता आदि ने बताया कि उनकी कॉलोनी का ज्यादातर हस्सिा एप्रूव्ड हो चूका है। कॉलोनी में मात्र एक दो गालियां ही ऐसी है जो अनुप्रूड है। जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से पिछले दिनों इन कॉलोनी में पीने के पानी हेतु पाइप डाल दिया था। लेकिन बालाजी मंदिर वाली गली व इसके एक साथ लगती गली में पाइप नहीं डाला गया। इसके बारे में उन्होंने संबंधित विभाग से कई बार पत्र व्यवहार भी किया व सीएम विंडो के माध्यम से भी प्रदेश सरकार से आग्रह किया। लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक इन दोनों गलियों में पीने के पानी की पाइप डाली नहीं गई है।जिसके चलते इन दोनों गली के निवासियों को पानी की एक बाल्टी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।

## 400 करोड़ के कर्ज में डूबी शुगर मिल को अटैच करने आदेश

- विरोध में उतरी किसान यूनियनें, एसडीएम ऑफिस में धरने का ऐलान, फसल लोन के 35 करोड़ भी डकारने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- किसानों के 70 करोड़ फंसे

कर्ज में डूबी बनौंदी शुगर मिल को अटैच करने के आदेश जारी हो चुके हैं। अदालत के इन आदेशों के बाद वे किसान परेशान हैं जिनका करोड़ों रुपये का भुगतान मिल की ओर बकाया है। ऐसे में अब किसान मिल को अटैच करने के विरोध की तैयारी कर रही हैं। किसान यूनियनों ने बुधवार को एसडीएम ऑफिस के सामने धरने का ऐलान किया है। किसानों का कहना है कि अगर मिल कुर्क हो गई तो उनका बकाया भुगतान डूब जाएगा। किसान इन लंबित भुगतान के लिए धरने प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि कर्ज में डूबी मिल किसानों की इस पेमेंट का भुगतान नहीं कर पा रही है।



### 6000 किसानों का 70 करोड़ बकाया

बनौंदी शुगर मिल की ओर से 6000 से ज्यादा किसानों का करीब 70 करोड़ रुपये बकाया है। पिछले लंबे समय से

### फसल लोन के 35 लाख डकारे

2014 में राज्य सरकार की ओर से फसल लोन की योजना आई थीद्ध योजना के मुताबिक कोई भी गन्ना उत्पादक किसान शुगर मिल की गारंटी पर 3 लाख तक का क्रॉप लोन ले सकता है। इस योजना का फायदा शुगर मिल ने उठाया। उसने किसानों को बहला फुसलाकर 600 से अधिक किसानों के नाम पर दो बैंकों से 35 करोड़ से अधिक का लोन ले लिया।

### जेल की हवा खा रहे हैं मालिक

चीनी मिल को डूबोने में काफी हद तक मालिक राहुल आनंद व सहयोगियों का भी हाथ है। आरोप है कि राहुल आनंद ने कई अलग-अलग कंपनियां बनाकर सहयोगियों के साथ मिलकर एनएसईएल में 122 करोड़ का घोटाला किया है। 3 साल पहले हरको बैंक के जीएम की शिकायत पर शहजादपुर पुलिस ने राहुल आनंद पर केस दर्ज किया था।

### 400 करोड़ के कर्ज में डूबी मिल

बनौंदी शुगर मिल 400 करोड़ के कर्ज में डूबी है। पता चला है कि मिल की ओर हरको बैंक के करीब 120 करोड़, इरेडा के 200 करोड़ व किसानों के 70 करोड़ की रकम बकाया है। मिल घाटे में होने की वजह से हर साल यह रकम बढ़ती है। बढ़ते कर्ज की वजह से मामला अदालत में चला गया। इसी वजह से अदालत ने मिल को कुर्क कर बकाया भुगतान के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष भी किसानों ने कुछ दिन हपले ही मिल की ओर किसानों के बकाया गन्ने के भुगतान का जिक्र किया था। तब मुख्यमंत्री ने कहा था कि शुगर मिल निजी है।

## पानीपत में कोरोना के जेएन-वन वेरिएंट को लेकर अलर्ट

- राजकीय चिकित्सालयों में खांसी-जुकाम के मरीजों के आरटीपीसीआर जांच होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

कोरोना वायरस के नए वेरिएंट जेएन-वन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अलर्ट करने पर जिला नागरिक अस्पताल में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। सरकार की ओर से जारी एडवाइजरी के अनुरूप मास्क, आईसीयू, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन प्लांट, दवाओं और अन्य आवश्यक वस्तुओं के साथ स्वास्थ्य विभाग को तैयार रहने के निर्देश दिए जा चुके हैं। खांसी-जुकाम के मरीजों के आरटीपीसीआर जांच होगी। वहीं, नागरिक अस्पताल, समालखा सामान्य अस्पताल व सभी सीएचसी व पीएचसी के डॉक्टरों को ओपीडी बढ़ाने के भी निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इनमें कोरोना के केस मिलने पर उनके सैंपल को जांच के लिए एम्स की लैब में भेजा जाएगा। वीरवार को नागरिक अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट की टेस्टिंग भी गई है।

### सिविल अस्पताल में बनाया आइसोलेशन वार्ड

पानीपत के सिविल अस्पताल में अस्पताल में 60 बेड का आइसोलेशन वार्ड है। 54 वेंटिलेटर व 171 आईसीयू बेड है। इस संबंध में निजी अस्पतालों को भी चौकसी के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। दूसरी ओर पानीपत के सीएमओ डॉ जयंत आहूज ने बताया कि कोरोना से बचाव के लिए अपने हाथों को साबुन या पानी से नियमित रूप से अच्छे से साफ करें। लोगों से हाथ मिलाने से बचें। छींकने और खांसने के दौरान अपना मुंह व नाक रूमाल से ढकें। अपनी नाक, आंख व मुंह पर अनावश्यक छूने से बचें। अपने आसपास सफाई का विशेष ध्यान दें। फेस मास्क का अनिवार्य रूप से करें प्रयोग।

### गोवा, कर्नाटक, महाराष्ट्र से आने वाले लोग होंगे ट्रेस

देश में कोरोना के जेएन-वन वेरिएंट के रोगी लगातर मिल रहे है। गोवा कर्नाटक, महाराष्ट्र में अधिकतर रोगी मिले, इसके चलते तीन राज्यों से आने वाले लोगों को ट्रेस किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग जरूरत पडने पर पुलिस की मदद भी लेगा। तीनों राज्यों से आने वालों की जांच होगी उन्हें आइसोलेट भी किया जाएगा।

### नागरिक घबराएं नहीं

डॉ आहूजा ने बताया कि नए वेरिएंट को लेकर घबराने की बजाय सावधानी बरतना जरूरी है। विभाग इससे निपटने के लिए तैयार है। ऑक्सीजन, प्लांट, दवा व जांच इत्यादि की सुविधा उपलब्ध है। ओपीडी में जांच बढ़ाने के निर्देश जारी किए हैं। पिछले वेरिएंट की तरह ही कोरोना के जेएन-वन वेरिएंट की भी जांच आरटी पीसीआर के माध्यम से की जाएगी। जिले में बाहर से आने वाले लोगों को ट्रेस किया जाएगा।

## योजनाओं से वंचितों के लिए वरदान बनी विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** विधायक महिपाल ढांडा पात्र महिला को उज्ज्वला योजना का लाभ देते हुए।

पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा ने मंगलवार को गांव खोतपुरा और गढ़सरनाई में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई है जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं। सरकार जनता के घर द्वार पर पहुंचकर उन्हें योजनाओं की जानकारी दे रही है और लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से गांव जनपद और देश विकसित होगा। सरकार का उद्देश्य यह है कि कोई भी लाभार्थी सरकार द्वारा जनहित के क्रियान्वयन के लिए क्रियान्वित की गई योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने से वंचित न रह जाए। ढांडा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को विशेषकर कमजोर वर्ग के लोगों को योजना के दायरे में लाना है।

## अलग अलग सड़क हादसों में युवक समेत दो की मौत

- पुलिस ने अज्ञात आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक युवक समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला करनाल के गांव मूसेपुर निवासी 35 वर्षीय संदीप गांव रुलाखेड़ी में अपनी रिश्तेदारी में आया था। वह बाइक से अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था। जब वह जगाधरी बिलासपुर रोड पर गांव रामखेड़ी अड्डे के पास पहुंचा तो सामने से तेज गति से आ रही अन्य बाइक ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने संदीप को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया। जांच के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को सूचित किया।

### इस पर 125 करोड़ का बजट खर्च होगा, बस स्टैंड 10 एकड़ चार कनाल भूमि पर बनेगा

## पिपली में आधुनिक सुविधाओं से लैस बस अड्डा बनाने की आस जगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

वर्ष 2023 की अब पांच दिन बाद विदाई होने वाली है। इस वर्ष में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर पिपली में आधुनिक सुविधाओं से लैस बस अड्डा बनाए जाने की आस फिर जगी है। सात वर्ष पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पिपली में आधुनिक व वातानुकूलित बस अड्डा बनाए जाने का ऐलान किया था। इस पर करीब 125 करोड़ रुपये का बजट खर्च होगा। यह बस स्टैंड 10 एकड़ चार कनाल भूमि पर बनाया जाएगा।



**कुरुक्षेत्र।** पिपली का बस स्टैंड।

सरकार की कमेटी के पास करीब तीन निजी एजेंसियों ने अपना प्रस्ताव भेजा है। इन एजेंसियों के साथ नियमों और शर्तों की बातचीत फाइनल होने के बाद योजना को अमलीजामा पहनाया जाएगा।

थानेसर विधायक सुभाष सुधा ने इस संबंध में इस महीने की शुरूआत में राज्य परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा से मुलाकात कर उनसे परियोजना में तेजी लाने का अनुरोध किया था। योजना के अनुसार 10 एकड़ चार कनाल भूमि पर कामर्शियल एरिया मल्टी स्टोरी, पार्किंग, पार्क, बस टर्मिनल, डबल एंट्री गेट का निर्माण किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट पर करीब 125 करोड़ रुपये का बजट खर्च किया जाएगा। इस योजना के लिए तीन एजेंसियों ने अपना प्रस्ताव कमेटी के पास भेजा है। यह कमेटी सरकार द्वारा निर्धारित नियमों को लेकर एजेंसियों से चर्चा करेगी।

### बस टर्मिनल बनने से यात्रियों को होगा फायदा

ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन डिपो प्रधान नरेंद्र पांचाल ने बताया कि आधुनिक सुविधाओं से लैस बनने वाले इस रोडवेज बस टर्मिनल से यात्रियों को कई तरह के फायदे मिलेंगे। इस बस टर्मिनल के अंदर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, पार्किंग और पार्क जैसी सुविधाएं यात्रियों को मिलेगी साथ ही इस बस टर्मिनल से यात्री दूसरे राज्यों के लिए बस में सफर कर सकेंगे। बस टर्मिनल को बनाने की मांग यात्री पिछले कई सालों से कर रहे थे।

### कुरुक्षेत्र के लोगों को फायदा होगा : विधायक

विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि इस योजना से कुरुक्षेत्र के लोगों को फायदा होगा और यात्रियों को एक बड़ी सौगात मिलेगी। इस योजना के लिए पिछले कई सालों से लगातार प्रयास किए जा रहे है। अब यह अंतिम चरण में है, जैसे ही सरकार की ओर से गठित कमेटी का एजेंसी के साथ अनुबंध हो जाएगा। उसी समय इस पीपीपी मोड पिपली बस स्टैंड की परियोजना पर काम शुरू हो जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने 2016 में की थी घोषणा

वर्ष 2016 में लाडवा में प्रगति रैली के दौरान तत्कालीन विधायक डॉ. पवन सैनी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिपली में आधुनिक व वातानुकूलित बस अड्डा बनाने की मांग रखी थी। इस पर मुख्यमंत्री ने एलान किया था कि पीपीपी स्कीम के तहत पिपली में आधुनिक व वातानुकूलित बस अड्डा बनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### बाल दिवस के उपलक्ष्य में मनाया गया डोनेशन दिवस

**तरावड़ी।** प्रताप पब्लिक स्कूल में 21 दिसंबर से 27 दिसंबर तक शहीदी सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को वीर बाल दिवस के बारे में वद्यिालय की अध्यापिका द्वारा छात्रों को साहबजादों की शहादत से अवगत कराया गया। तत्पश्चात अपनी इच्छा अनुसार लाई गई खाद्य सामग्री एकत्रित कर कैबिनेट टीम के छात्रों ने आज गुरुद्वारा शीशगंज तरावड़ी, जाकर वहां श्रद्धा भाव से माथा टेका और खाद्य सामग्री लंगर के लिए प्रदान की ।

### सभा को 51 लाख रुपये की एफडी देने पर खुशी

**घरौंडा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा द्वारा पहरावर की जमीन हेतु गौड़ ब्राह्मण सभा को लीज के लिए 51 लाख रुपये की एफ डी देने पर ब्राह्मण समाज के लोगों में खुशी का माहौल है। ब्राह्मण समाज के लोगों ने यहां लड्डू बाटकर विनोद शर्मा व उनके पुत्र कार्तिकेय शर्मा का आभार प्रकट किया है। बता दें कि पहरावर की जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। मुख्यमंत्री ने करनाल में हुए ब्राह्मण महाकुंभ के दौरान पहरावर की जमीनदोबारा लीज पर देने की घोषणा कर दी थी।

### दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**इंद्री।** दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस बारे में जानकारी देते हुए स्कूल प्रबंधन कमेटी के विजय अनेजा ने बताया कि स्कूल में 25 व 26 दिसंबर को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नर्सरी से लेकर दसंवी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने बास्केटबॉल, रोप स्किपिंग, बैडमिंटन, मटका रेस, फ्राग रेस, हर्डल रेस, लेमन रेस, हैंकी टच इत्यादि कई खेलों में भाग लिया। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में खेलों का विशेष महत्व है।

### जयंती पर शहीद उधम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित

# संघर्ष से भरा था उधम सिंह का जीवन देश के लिए दी अपने प्राणों की आहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

शहीद उधम सिंह समिति द्वारा नगर पालिका इंद्री के प्रांगण में हर वर्ष की भांति शहीद उधम सिंह का जन्म दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में सभी वर्ग, धर्म व सियासी दलों के नेताओं ने शहीद के चरणों में पुष्प अर्पित कर एकता की मिसाल पेश की। सभी सियासी दलों, सभी बिरादरी, संगठनों व धर्मों के लोगों ने एकजुट होकर शहीद को नमन किया। इस समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मेहर सिंह निर्मल ने की। इस अवसर पर शहीद उधम सिंह की जीवनी पर गीत की प्रस्तुति से उपस्थित जनों में जोश भर गया। समारोह हवन-यज्ञ और पूजन के साथ शुरू हुआ और शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद प्रसाद वितरण पर कार्यक्रम का समापन हुआ। हवन-यज्ञ पंडित राजेश शर्मा ने विधिविधान से कराया।

समारोह को संबोधित करते हुए शहीद उधम सिंह समिति के अध्यक्ष मेहर सिंह निर्मल ने सरकार से शहीद उधम सिंह को राष्ट्रीय शहीद का दर्जा देने की मांग करते हुए कहा कि शहीद उधम सिंह का जीवन संघर्ष से भरा हुआ था जिसने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर लोगों में देश प्रेम की प्रेरणा का संचार किया। इस अवसर पर उन्होने शहीद उधम सिंह की जीवनी पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला ।

इस मौके पूर्व मंत्री भीम मैहता, पूर्व विधायक राकेश कांबोज, भाजपा नेता धर्मपाल शांडिल्य, चरणजीत कांबोज, कर्मसिंह खानपुर, अंग्रेज सैनी, सुमेर कांबोज, डा सुनील पंवार, करताराम कश्यप, रघबीर बतान, सुनील खेड़ा, सचिन बुढनपुर, प्रदीप काम्बोज, विजयपाल वकील, सुरेन्द्र उड़ाना, बालाकृष्ण लांबा, रामपाल चहल, मनजीत चौगावा व ओपी अरोडा सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद रहे ।



**इंद्री।** नगर पालिका के प्रांगण में शहीद उधम सिंह के जयंती समारोह के अवसर पर हवन यज्ञ करते शहीद उधम सिहं समिति सदस्य ।



**करनाल।** शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### शहीद उधम सिंह युवाओं के लिए प्रकाश स्तंभ और प्रेरणास्रोत : विजय पाल

**करनाल।** शहीद उधम सिंह युवाओं के लिए प्रकाश स्तंभ और प्रेरणा स्त्रोत हैं। यह विचार नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष विजय पाल वकील ने शहीद उधम सिंह की 124वीं जयंती मनाते हुए कहे। उन्होंने कहा कि शहीद किसी एक धर्म, समुदाय व जाति के नहीं होकर सारे राष्ट्र के पूजनीय होते हैं और उनके गुणों से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने जीवन में अपनाना चाहिए। यही सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच कृपाल सिंह, जय सिंह कांबोज, धर्मप्रकाश, शास्त्री, राधेश्याम गुप्ता, विनोद शर्मा, अभिनंदन पाल आदि सैंकड़ों लोगों ने भी शहीद को नमन किया और पुष्पमाला अर्पित की।




**करनाल।** कार्यक्रम बारे जानकारी देते हुए नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा।

## सशक्त नारियों को मिलेगा वूमेन ऑफ़ इंस्पिरेशन अवार्ड

- सावित्री बाई फूले की जयंती पर होगा भव्य आयोजन
- उन्होंने कहा कि इस विशेष अवार्ड के लिए नॉमिनेशन ओपन कर दिया गया है,

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया एंव ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन की और से देश की प्रथम शिक्षिका व समाजसेविका सावित्री बाई फूले की जयंती पर बुधवार 3 जनवरी 2024 को मानव सेवा संघ, नजदीक बस स्टेण्ड, करनाल में वूमेन ऑफ़ इंस्पिरेशन अवार्ड्स समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बुलंद कर रही सशक्त महिलाओं को वूमेन ऑफ इंस्पिरेशन अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि देश की महानारी सावित्री बाई को समर्पित वूमेन ऑफ़ इंस्पिरेशन अवार्ड विभिन्न क्षेत्रों की सशक्त महिलाओं को दिया जायेगा।

उन्होंने कहा कि इस विशेष अवार्ड के लिए नॉमिनेशन ओपन कर दिया गया है, जो भी महिलाएं अपने अपने क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बना रही हैं वो अपने बायोडाटा साहित अवार्ड के लिए नॉमिनेशन कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव पवन शर्मा, अंतराष्ट्रीय निदेशक सावी चौधरी, नैशनल चेयरपर्सन कृष्णा गुप्ता, राष्ट्रीय निदेशक अजीत राही, राष्ट्रीय निदेशक अनिल कुमार मदान, प्रदेश निदेशक हरियाणा फिरदौस अली एंव जिला निदेशक करनाल मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## साहिबजादों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान

- विद्यार्थियों सही फैसले पर अडिग रहना, धर्म का पालन करना व गलत को गलत कहने की हिम्मत करना की दी प्रेरणा, विद्यार्थी अपने लक्ष्य को निर्धारित कर बढ़ें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों व माता गूजरी की महान शहादत को याद करते हुए स्विफ्ट इंटरनेशनल स्कूल में देश की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निफा की और से सहोदय स्कूल काम्प्लेक्स जेनेसिस क्लासेज व कानन इंटरनेशनल के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रीतपाल सिंह पन्नु ने विद्यार्थियों को चार साहिबज़ादों के जीवन से निडरता, अपने सही फैसले पर अडिग रहना, धर्म का पालन करना व गलत को गलत कहने की हिम्मत करना की प्रेरणा लेने के लिए उत्साहित किया। कार्यक्रम में निफा के वरिष्ठ सलाहकार व एम डी डी बाल भवन के प्रधान परमिंदरपाल सिंह ने बच्चों को जीवन में सदैव सकारात्मक सोच रखने व बाधाओं का हंस कर मुक़ाबला करने की सलाह दी। निफा के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण शर्मा ने जहां साहिबजादों को श्रद्धांजलि दी। स्विफ्ट इंटरनेशनल स्कूल के अध्यक्ष रवींद्र शर्मा ने कहा कि अकसर गांव के विद्यार्थियों को उनके कैरियर के लिए सही मार्गदर्शन नहीं मिलता। कानन इंटरनेशनल से आये रवि वोहरा व जेनेसिस क्लासेआईज से मोनिका शर्मा ने भी विद्यार्थियों को स्कूल शिक्षा के बाद की उच्च शिक्षा में उपलब्ध अवसरों व आवश्यक परीक्षाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान मेरे सपनों का भारत विषय पर पोस्टर प्रतियोगता के विजेताओं को पुरस्कार भी दिये गये।



**करनाल।** देश की बात कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को संबोधित करने के बाद उन्हें सम्मानित करते हुए निफा अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नू। फोटो :हरिभूमि

## श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट ने शहीद वीर बालकों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट तरावड़ी में माता गुजरी जी ओर चार साहिबजादों के शहीदी दिवस को समर्पित धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। डायरेक्टर डॉ राकेश शर्मा विद्यालय के समस्त स्टाफ और छात्रों ने शहीदों को नमन किया। डॉ राकेश शर्मा ने शहीद वीर बालकों की शहीदी पर गर्व करने का संदेश दिया। कक्षा ग्यारहवीं के छात्र गुरसेवक सिंह ने छात्रों को गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार विछोड़े, बड़े साहिबजादे बाबा अजीत सिंह ओर बाबा जुझार सिंह की चमकौर की गढ़ी में शहादत के अलावा माता गुजरी व छोटे साहिबजादों की शहादत से संबंधित इतिहास के बारे में जानकारी दी। नौवीं की छात्रा सुखप्रीत कौर और 10वीं की छात्रा नवनीत कौर ने भी गपरिवार की कुर्बानी पर विचार साझा किए। कक्षा दसवीं की छात्राओं नवनीत कौर, सरगुनप्रीत कौर, श्वेता, तक्ष्य, सुखमनप्रीत ने वाटां लंबीआं रस्ता पहाड़ दा शव्द पेश किया।



करनाल। कार्यक्रम मे भाग लेते श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट के बच्चे।

## शिव कावंड संघ ने पूर्णिमा पर बांटा मीठे पीले चावलों का प्रसाद

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| तरावड़ी

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शिव कावंड संघ तरावड़ी की ओर से करनाली गेट पर स्थित मां दुर्गा मंदिर के निकट मीठे पीले चावलों का प्रसाद वितरित किया गया। शिव कांवड़ संघ के पदाधिकारियों ने राहगीरों को रोक-रोक कर मीठे पीले चावलों का प्रसाद खिलाया । शिव कांवड़ संघ के प्रधान बलदेव गिरधर ने बताया कि क्षेत्र की सुख-शाति के लिए मीठे पीले चावल बांटे गए। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर समाजसेवा में योगदान देते रहना चाहिए। समाजसेवी सतीश कक्कड़ व सुदर्शन सरदाना ने बताया कि शिव कावड़ संघ द्वारा हर माह की पूर्णमासी को मीठे पीले चावलों का प्रसाद वितरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि समाज मे सभी को समाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर रमेश नारंग, बलदेव गिरधर, संतलाल दुआ, वक्किी पटियाला, हंस राज भाटिया, अमर चावला, रमेश सचदेवा, संदीप पसरीचा,सतीश कक्कड़, रणजीत भारद्वाज,गणेश दास खन्ना, जसपाल रंगीला,रामकिशन कामरा, सुमित शर्मा व विजय समेत कई लोग मौजूद रहे।



**तरावड़ी।** शिव कावड़ संघ के सदस्य प्रसाद वितरित करते हुये। फोटो :हरिभूमि

## भारी संख्या में युवा कांग्रेस में शामिल: सुमिता

- कहा : रोजगार की तलाश में विदेशों का रुख कर रहे नौजवान

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

पूर्व विधायक सुमिता सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में युवा कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। सुमिता सिंह ने युवा साथियों को कांग्रेस का पटका पहनाकर उन्हें पार्टी में शामिल किया। युवाओं को संबोधित करते हुए सुमिता सिंह ने कहा कि हरियाणा में भाजपा कार्यकाल के 9 साल में कांग्रेस के मुकाबले 5 गुणा कर्ज,चार गुणा महंगाई, तीन गुणा बेरोजगारी और दोगुणा अपराध, भ्रष्टाचार बढ़ा है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 साल में हर व्यक्ति अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की गलत नीतियों और नीयत के चलते देश में सबसे ज्यादा विरोध ही हरियाणा का युवा झेल रहा है। हरियाणा की नौकरियां हरियाणवी युवाओं को ना मिलकर दूसरे राज्यों को लोगों दी जा रही हैं। भर्तियां होने से पहले ही रद्द हो जा रही हैं और जो इक्का-दुक्का भर्ती हो रही है तो वह दूसरे राज्यों के लोगों को मिल रही है। ऐसे में निराशा में हरियाणा के काबिल युवा अपना भवष्यि तलाशने के लिए विदेशों की ओर पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। आज प्रदेश में बेरोजगारी महंगाई, अपराध, नशे और भ्रष्टाचार में नंबर वन बन गया है। इस मौके पर पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने प्रदीप कुमार, प्रवीण कुमार, सौरभ कुमार, विशाल कुमार, राहुल यादव, अमन कुमार, अंकित कुमार, अंशुल वर्मा भारी संख्या में युवाओं को कांग्रेस में शामिल किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का परिवार निरंतर बढ़ रहा है और वश्विास दिलाया कि उनको पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर मत्रि पाल, भीम सिंह, राजपाल तंवर, सुरेश यादव, ओम प्रकाश, रमेश पाल, राम मेहर जोगी, शेर सिंह राणा, गंगा प्रसाद, रामधारी सहित अन्य युवा मौजूद रहे।



### अंबेडकर समाज कल्याण सभा ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**करनाल।** अंबेडकर समाज कल्याण सभा ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि अनुसुचित जाति के लोगों के लिए बनाए गए कंपोनेंट प्लान को एक्ट का रूप दिया जाए। हरियाणा विधानसभा का सत्र तीन जनवरी से शुरू हो रहा है। इससे पहले सभा ने सीएम के नाम डीसी को ज्ञापन सौंप कर उक्त मांग को उठाया है। सभा के प्रधान अमर सिंह पातलान ने कहा कि अनुसूचित जाति के लोगों के विकास के लिए अलग से ह्यविशेष कंपोनेंट प्लानह्न के तहत बजट का प्रावधान तो कर दिया गया, लेकिन इसके लिए आवंटित धनराशि खर्च ही नहीं हो रही है। कंपोनेंट प्लान फॉर शेड्यूल क्लास अनुसूचित वर्ग के तहत आरक्षित वर्ग की कॉलोनियों, मोहल्लों, क्षेत्र में स्कूल, स्वास्थ्य, तकनीकी शक्षिा, सडक़, पौष्टिक भोजन की सुविधा मुहैया कराई जाती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार एक्ट बनाएगी तो उससे जारी बजट का सदुपयोग हो सकेगा। इस अवसर पर जिले सिंह बेरवाल, बलराज सिंह रंगा, अमर सिंह रंगा, कृष्ण डांडे, शिव कुमार, दया प्रकाश व ब्रह्मदत्त आदि मौजूद रहे।




## भुलाई नहीं जा सकती चार साहिबजादों की शहादत

**करनाल।** भारत विकास परिषद श्री राधा कृष्ण शाखा की ओर से राजकीय माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-6 में अध्यक्ष प्रियंका काठपाल की अध्यक्षता में शाखा के सदस्यों ने जरूरतमंद बच्चों में स्वेटर वितरण किया गया। यह प्रकल्प उपाध्यक्ष संदीप कुकरेजा और प्रवीन कुकरेजा के सहयोग से किया गया। ज्ञात रहे गत वर्ष भी इसी विद्यालय में शाखा के द्वारा स्वेटर वितरण का कार्य किया गया था। वीर बाल दिवस के पावन अवसर पर सभी सदस्यों और बच्चों ने चारों साहिबज़ादों को याद कर उन्हें नमन किया। उनकी याद में कविताएँ पड़ी और सुनाई। शाखा की अध्यक्षा प्रियंका काठपाल ने गुरु घर का इतिहास बच्चों को बताया और कहा कि उन्हीं कि क़ुर्बानियों के कारण आज हम सब खुली हवा में जी पा रहे है। संगठन सचिव उमेश तनेज़ा ने बच्चों से शहीदी दिवस से संबंधित क्विज करवाई जिसके बच्चों ने उत्तर दिये। शाखा के संरक्षक दलीप मोंगा, प्रमोद नगपाल और राकेश अरोड़ा ने स्कूल के प्राचार्य प्रमोद वर्मा को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय के अन्य शिक्षकगण का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ। इस प्रकल्प में महिला संयोगिका अनीता सिंह, दीपक चौधरी, निधि गुलाटी, सरिता तनेज़ा ने सहभागिता दी।

**कार्यक्रम** बीते वर्ष में गांवों में मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाया गया : : प्रवेश सोहन सिंह राणा


# ग्रामीण सरकार का शिक्षा और स्वास्थ्य पर रहा फोकस

- जिला परिषद की अध्यक्ष ने पहले साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

जिले की ग्रामीण सरकार के कार्यकाल का एक साल पूरा हो गया है। जिला परिषद का इस एक साल में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में इजाफा करने पर फोकस रहा। गांवों में मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाया गया, ताकि प्रत्येक ग्रामीण के जीवन स्तर में सुधार और बदलाव आए। यह कहना है जिला परिषद की अध्यक्ष प्रवेश सोहन सिंह राणा का। जिन्होंने मंगलवार को जिला परिषद के सभागार में अपने पहले साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा और जिला परिषद के अन्य सदस्य व अधिकारी मौजूद रहे। प्रेसवार्ता में जिला परिषद की अध्यक्ष प्रवेश सोहन सिंह राणा ने कहा कि दानवीर राजा कर्णनगरी के जिला परिषद के सभी 25 सदस्य जिले के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस दिन से पद की शपथ ली थी, उसी दिन से प्रत्येक ग्रामीण के विकास का प्रण लिया था। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में भी प्रत्येक गांव का विकास हो और हर ग्रामीण से जुड़ी सुविधा कार्य गांव में पहुंचे, इसके लिए वे प्रयासरत रहेंगे और योजनाएं भी बनाएंगे। रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए जिला परिषद की अध्यक्ष प्रवेश सोहन सिंह राणा ने कहा कि पहले लोग जिला परिषद को केवल नलका लगवाने और बैंच की मांग करने के लिए ही जानते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है। सरकार ने जिला परिषद को मजबूत बनाया है। उन्होंने बताया कि शुरुआत में सभी 25 पार्षदों ने मिलकर पूरे जिले की जरूरतों पर सर्वे किया।

ऐसे कार्यों को देखा जिनकी ज्यादा जरूरत थी। ताकि जनता को ज्यादा से ज्यादा लाभ हो सके। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 115 ई-पुस्तकालयों का निमार्ण किया, इस पर 6.32 करोड़ रुपये खर्च हुए। प्रत्येक लाइब्रेरी में पांच कंप्यूटर लगाए गए। जहां इंटरनेट और सोलर पैनल की सुविधा भी है। ताकि युवा नौकरी के लिए तैयारी कर सकें। ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं संस्कृति को जिंदा रखे हुए हैं। 1.88 करोड़ रुपये से 34 महिला संस्कृति केंद्र खोले हैं। इसके अलावा शहर की तर्ज पर गांव के लोग भी कसरत करें, इसके लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त 46 इंडोर जिम लगाए गए। इस पर 2.48 करोड़ रुपये की राशि खर्च हुई।



**करनाल।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रवेश सोहन सिंह राणा। फोटो :हरिभूमि

### चौपालें बनीं, सड़कों का हुआ सुदृढ़ीकरण

*जिला परिषद की अध्यक्ष प्रवेश सोहन सिंह राणा ने कहा कि विभिन्न गांवों में कुल 65 चौपाल बनाए गई, इस पर करीब छह करोड़ रुपये खर्च हुए। गांवों के सुंदरीकरण से जुड़े 48 कार्य किए। इन पर 2.66 करोड़ रुपये खर्च हुए। इसके अलावा सड़कों का सुदृढ़ीकरण किया गया। तीन करोड़ रुपये से 88 कच्चे रास्तों को पक्का किया गया। 157 सड़कों का निर्माण कार्य जारी है, इस पर करीब सात करोड़ रुपये खर्च होंगे।*

### 21 शेड बने

जिला परिषद की अध्यक्ष प्रवेश सोहन सिंह राणा ने बताया कि कार्यभार संभालते ही सबसे पहले सफाई की जरूरत महसूस की। ताकि गंदगी न फैले और इस कचरे का निस्तारण भी साथ के साथ हो, इसमें 1.15 करोड़ रुपये से 21 कचरा शेड बनाए। विभिन्न गांवों के 44 बड़े नालों का भी नवनिर्माण किया गया, इस पर चार करोड़ रुपये खर्च हुए। इसके अलावा विधायक नगर आदर्श ग्राम योजना और सांसद निधि के तहत भी 200 से ज्यादा कार्य हुए। इनमें से करोड़ों रुपये के कई कार्य चल रहे हैं।

### 45 बड़े गांव जगमग

शहर की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र में भी रात को अंधेरा न रहे। गांव जगमग रहें, इसके लिए 45 बड़े गांव जिनकी आबादी पांच हजार से ज्यादा है। सभी नौ खंडों में पांच-पांच गांवों में आठ करोड़ से स्ट्रीट लाइटें लगाई जा रही हैं। श्यामा प्रसाद मुखर्जी आर अर्बन योजना के तहत पशु चिकित्सा वैन चलाई गई। ग्रामीण घर पर ही पशुओं का उपचार करा सकते हैं। गांव शौच मुक्त रहे, इसके लिए 962 घरों में 1.15 करोड़ रुपये से शौचालय भी बनाए गए। जोहड़ों के सुधार का काम चल रहा है।

## खबर संक्षेप

### साहिबजादों को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** एसडी विद्या मंदिर सकूल हुडा में वीर बाल दिवस पर साहिबजादों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। शिक्षकों ने अपनी कक्षाओं में वीडियो के माध्यम से बच्चों को वीर बाल दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों ने गुरु गोबिंदसिंह जी के साहिबजादों की पेंटिंग बनाकर उनकी शहादत को नमन किया और कक्षा नौवीं और ग्याहरवीं के छात्रों ने साहिबजादों की जीवन गाथा को पीपीटी, भाषण एवं कहानी के माध्यम से प्रस्तुत किया।

### भाजपा ने जनसेवा नहीं की

**पानीपत।** स्वर्गीय राजेश पायलट किसान संगठन हरियाणा के जिलाध्यक्ष एवं कांग्रेस ओबीसी कमेटी के जिला महासचिव मोनू रावल ने आरोप लगाया कि हरियाणा में भाजपा द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा ढकोसला है। इस यात्रा में जनता की समस्याओं का मौके पर समाधान करने का दावा किया जा रहा है। जबकि लोगों की एक भी समस्या का समाधान यहां नहीं हो पा रहा है।

### सरदार उधम सिंह जयंती मनाई गई

**पानीपत।** आर्य बाल भारती परिसर में वीर बाल दिवस और सरदार उधम सिंह जयंती मनाई गई और शहीदों को नमन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक जसवीर ग्वाल्डा, आर्य समाज काबडी के उपप्रधान ओमदत्त आर्य, प्राचार्य सत्यवान मालिक समेत टीचर्स व विद्यार्थियों ने शहीदों को याद किया।

### बाइक चोर को दिल्ली से लाई पुलिस

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर कर्मवीर ने बताया कि पुलिस की टीम दिल्ली की मंडौली जेल में बंद बाइक चोरी के आरोपी फुरकान निवासी लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश को प्रोडक्शन वारंट पर पानीपत लेकर आई। पुलिस की पूछताछ में आरोपी फुरकान ने पानीपत के मित्तल मेगा मॉल के बाहर से अपाचे बाइक चोरी करना स्वीकारा। बाइक चोरी की वारदात बारे थाना चांदनी बाग में शाहनजर पुत्र गुलशेर निवासी राजीव कॉलोनी, पानीपत की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

### सीआईए थ्री पुलिस ने चोर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने सेक्टर-25 में स्थित ट्रक युनियन में ट्रांसपोर्ट ऑफिस से सामान का बोरा चोरी करने वाले आरोपी सोनू पुत्र रामलाल निवासी कश्यप कॉलोनी, पानीपत को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी से चोरी की दो वारदातों का खुलासा हुआ। वहीं, चोरी की वारदात बारे थाना चांदनी बाग में अनीश पुत्र हमीद निवासी गांव जालपाड़ की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

### पिता व पुत्र को पीटा, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के टोल प्लाजा पर दो कारों के बीच मामूली टक्कर हो गई। वहीं इस घटना से नाराज पीबी 43 एफ 7255 नंबर की कार में सवार तीन युवक व दो महिलाओं ने टेक्सटाइल उद्यमी मनोज गर्ग व इसके पिता नरेश गर्ग को मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं मनोज की शिकायत पर हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों पर मारपीट का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भाजपा हर वर्ग की हितैषी

**पानीपत।** समालखा विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 1, 9, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17 से संबंधित विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाजपा नेता ऋषिपाल रावल ने शिरकत की। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण कर पात्र लोगों को मौके पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ भी दिलाया। उनके साथ राम भतेरी रावल, पीतांबर रावल इत्यादि उपस्थित रहे।

### शराब की खेप के साथ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने जीटी रोड पर पर्ल ढ़ाबा के पास नाकाबंदी कर अवैध शराब से भरा लोडिंग टेंपो पकड़ा। शराब से 38 पेटी अवैध देसी शराब बरामद हुई।

## एचपीजीसीएल के एमडी खेलों के समापन पर विजेताओं को करेंगे पुरस्कृत

# पानीपत थर्मल के संदीप ने दौड़ व लान्गा जंप में जीता गोल्ड मेडल



**पानीपत।** थर्मल में मुकाबले से पहले सामुहिक फोटो कराते हुए फुटबाल के खिलाडीगण। *फोटो: हरिभूमि*

### प्रतियोगिता के समापन पर क्रिकेट, फुटबाल, 100 मीटर दौड़ व रस्सा कस्सी के मुकाबले होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत थर्मल पावर स्टेशन में आयोजित हरियाणा बिजली उत्पादन निगम यानि एचपीजीसीएल की तीन दिवसीय पांचवीं एनुअल स्पोर्ट्स मीट के दूसरे दिन सभी टीमों के बीच कड़े मुकाबले हुए। पानीपत थर्मल पावर स्टेशन के मुख्य अभियंता मनोज कुमार अग्रवाल की देखरेख में दूसरे दिन यह प्रतियोगिता करवाई गई। बुधवार को प्रतियोगिता के समापन पर क्रिकेट, फुटबाल, 100 मीटर पुरुष दौड़ व रस्सा कस्सी के फाइनल मुकाबले होंगे। हरियाणा पावर जेनरेशन कारपोरेशन लिमिटेड (एचपीजीसीएल) के एमडी मोहम्मद साइन विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे। दूसरे दिन भी पानीपत थर्मल पावर स्टेशन (पीटीपीएस), राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट (आईटीपीपी) खेदड़ (हिसार), दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट (डीसीआरटीपीपी) यमुनानगर व मुख्यालय पंचकूला की टीमों के बीच लगभग 15 मुकाबले हुए। सभी मुकाबलों में प्रतिद्वंदी टीमों के साथ कड़ी टक्कर हुई। रात को खेल ग्राउंड के नजदीक कैंप फायर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उसके बाद सभी कर्मचारीयों व अधिकारियों ने सामूहिक भोजन किया। इस मौके पर मुख्य अभियंता मनोज कुमार अग्रवाल, अधीक्षक अभियंता सूरजभान, सुनील दुरेजा, अशोक महेश्वरी, विकास वधवा, कुलदीप हुड्डा, अशोक चोपड़ा, पीटीपीएस स्पोर्ट्स सेक्रेट्री एक्सइएन अभिनव घनघस, जीत सिंह, संजय शर्मा व तनुज वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### ये बने विजेता

**रस्सा-कस्सी**
पीटीपीएस बनाम डीसीआरटीपीपी (डीसीआरटीपीपी 2-0 से विजय)
मुख्यालय पंचकूला बनाम आरजीटीपीपी (आरजीटीपीपी 2-0 से विजय)
पीटीपीएस बनाम आरजीटीपीपी (आरजीटीपीपी 2-0 से विजय)
मुख्यालय पंचकूला बनाम डीसीआरटीपीपी (डीसीआरटीपीपी 2-0 से विजय)

**बैडमिंटन पुरुष**
मुख्यालय पंचकूला बनाम डीसीआरटीपीपी (मुख्यालय पंचकूला 2-0 से विजय)
मुख्यालय पंचकूला बनाम आरजीटीपीपी (मुख्यालय पंचकूला 2-1 से विजय)
पीटीपीएस बनाम मुख्यालय पंचकूला (मुख्यालय पंचकूला 2-0 से विजय)

**बैडमिंटन महिलाएं**
मुख्यालय पंचकूला बनाम डीसीआरटीपीपी (पंचकूला 2-0 से विजय)

**टेबल टेनिस पुरुष**
पीटीपीएस बनाम मुख्यालय पंचकूला (मुख्यालय पंचकूला 3-0 से विजय)
डीसीआरटीपीपी बनाम मुख्यालय पंचकूला (मुख्यालय पंचकूला 4-1 से विजय)
पीटीपीएस बनाम आरजीटीपीपी (आरजीटीपीपी 3-0 से विजय)
पीटीपीएस बनाम डीसीआरटीपीपी (डीसीआरटीपीपी 3-0 से विजय)
आरजीटीपीपी बनाम डीसीआरटीपीपी (आरजीटीपीपी 3-0 से विजय)
आरजीटीपीपी बनाम मुख्यालय पंचकूला (मुख्यालय पंचकूला 3-0)

**लॉन टेनिस पुरुष**
डीसीआरटीपीपी बनाम मुख्यालय पंचकूला (डीसीआरटीपीपी ने बाय पर मैच जीत लिया)
डीसीआरटीपीपी बनाम पीटीपीएस (डीसीआरटीपीपी 2-0 से विजय)

**फुटबाल**
आरजीटीपीपी बनाम पीटीपीएस (आरजीटीपीपी 1-0 से विजय)
पीटीपीएस बनाम डीसीआरटीपीपी (पीटीपीएस 6-0 से विजय)

**क्रिकेट**
मुख्यालय पंचकूला बनाम पीटीपीएस (मुख्यालय पंचकूला 11 रन से विजय)
पीटीपीएस बनाम डीसीआरटीपीपी (पीटीपीएस 5 विकेट से विजय)
मुख्यालय पंचकूला बनाम आरजीटीपीपी (आरजीटीपीपी 5 विकेट से विजय)

**वालीबाल**
पीटीपीएस बनाम डीसीआरटीपीपी (पीटीपीएस 2-0 से विजय)

**कबड्डी**
मुख्यालय पंचकूला बनाम डीसीआरटीपीपी (डीसीआरटीपीपी 26-8 से विजय)
आरजीटीपीपी बनाम डीसीआरटीपीपी (आरजीटीपीपी 39-12 से विजय)
मुख्यालय पंचकूला बनाम आरजीटीपीपी (आरजीटीपीपी 37-9 से विजय)

**एथलेटिक्स (पुरुष)**
400 मीटर दौड़ में पीटीपीएस के संदीप ने गोल्ड व पीटीपीएस के ही विकास ने सिल्वर मेडल जीता। लान्गा जंप में पीटीपीएस के संदीप ने गोल्ड व आरजीटीपी के मनफूल ने सिल्वर मेडल जीता।



## सहकारी समितियों के उत्थान को ठोस प्रयास करें : डॉ. दहिया

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र दहिया की अध्यक्षता में सहकारी समितियों के उत्थान हेतु जिला स्तरीय कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें सहकारी समितियों के सहायक रजिस्ट्रार टी.एस. चट्ठा । ने बैठक से संबंधित तथ्य प्रस्तुत करते हुए उपायुक्त को जानकारी दी कि 9 सहकारी समितियों के उत्थान के लिए ग्राम पंचायत से जमीन लेने और 2 सहकारी समितियों में वीटा बूथ खोलने हेतु प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं। वहीं डॉ. दहिया ने इस पर अपनी संस्तुति प्रदान करते हुए कहा कि सहकारी समितियों में वीटा बूथ खोलने हेतु सभी औपचारिकताएं पूरी की जाए। उन्होंने जिला परिषद के सीईओ विवेक चौधरी को निर्देश दिए कि वे पंचायतों से होने वाले प्रस्तावों के बाद इस पर अपनी संस्तुति दे दें। इसमें प्रशासन की ओर से हर सम्भव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। इस मौके पर पानीपत एसडीएम मनदीप सिंह, केन्द्रीय सहाकारी बैंक लिमिटेड के महाप्रबंधक सुरेश कुमार और एफओ मदन मोहन भी उपस्थित रहे।

## आर्य कॉलेज ने बॉक्सिंग जूडो ताइक्वांडो में मेडल जीते



**पानीपत।** बॉक्सिंग, जूडो और ताइक्वांडो की अलग-अलग यूनिवर्सिटी मे आयोजित टूर्नामेंट में आर्य कॉलेज के खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर आर्य कॉलेज का नाम रोशन किया। विजेता खिलाड़ियों का महाविद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने स्वागत कर उज्जवल भविष्य की कामना की, साथ ही उन्होंने शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश सैनी सहित सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ मे 20 से 25 दिसम्बर तक आयोजित नॉर्थ ईस्ट जोन बॉक्सिंग चैंपियनशिप मे आर्य कॉलेज के छात्र मिलन देशवाल ने ब्रान्ज मेडल हासिल किया। साथ ही मिलन ने आल इंडिया इन्टर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप के लिए क्वालफाई किया है। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा मे आयोजित नॉर्थ ईस्ट जोन ताइक्वांडो चैंपियनशिप मे आर्य कॉलेज के छात्र आशु ने ब्रान्ज मेडल हासिल किया। साथ ही छात्र प्रीतम का चयन आल इंडिया इन्टर यूनिवर्सिटी के लिए हुआ है। इस अवसर कॉलेज के प्राध्यापिका मामनी सैनी, प्रो. राजेश, प्रो. राजेन्द्र, राजा और कोच सुनील सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# शहीद उधम सिंह को श्रद्धांजलि दी

- उधम सिंह के जन्मोत्सव पर शहीद स्मारक में फूलदार पौधे रोपे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



**पानीपत।** पानीपत के सचिवालय में पौधे बांटते हुए ग्रीन मैन प्रो .दलजीत।

शहीद उधम सिंह की 125 वीं जयंती के अवसर पर शहीद स्मारक पानीपत में सीटीएम राजेश कुमार सोनी और ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कल्याणी एजुकेशन ग्रुप के विद्यार्थियों व जिला सचिवालय के स्टॉफ के साथ पौधरोपण अभियान चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीटीएम सोनी कहा कि जिला सचिवालय में प्रतिदिन हजारों नागरिक काम के सिलसिले में प्रतिदिन आते जाते रहते हैं इसके ध्यानार्र्थ शहीद स्मारक को सुंदर-सुंदर फूलों के पौधों से सजाया जा रहा है। जिसकी जिम्मेदारी प्रोफेसर दलजीत कुमार ने स्वेच्छा से ग्रहण की है। वहीं, प्रोफेसर दलजीत ने बताया कि महान क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह के जन्मोत्सव पर शहीद स्मारक में फूलदार पौधे रोपे गए है। इसके साथ ही जल्दी ही अनेक प्रकार के फूलों के ओर पौधे समय-समय पर रोपित किए जाएंगे। सीटीएम राजेश सोनी ने कहा कि हमें शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्र निर्माण में सपना योग्यता देना चाहिए। इस दौरान संदीप कल्याणी, विद्यार्थी व जिला सचिवालय के स्टॉफ ने पौधारोपण अभियान में भाग लिया।

### दुकान का शटर उखाड कर की चोरी, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की जाटल रोड पर स्थित हिमांश मित्तल की मित्तल क्लॉथ हाउस से तीन महिलाओं व एक बच्चे ने तीस हजार रुपये की नगदी और करीब पांच लाख रुपये कीमत के महिलाओं संबंधी कपड़े चोरी कर लिए। घटना सोमवार की रात की है। आरोपियों ने दुकान का शटर उखाडा और कपड़ों को कट्टों में भर कर ले गए। वहीं हिमांशु की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने एफएसएल की टीम से भी घटना की जांच करवाई। इधर, चोरी की यह घटना सीसीटीवी में दर्ज हो गई। फुटेज में तीन महिलाएं व एक बच्चा दुकान का शटर उखाड़ कर माल चोरी कर ले जाते हुए दिख रहे है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# चौ. चरण सिंह को दी श्रद्धांजलि

- सामाजिक सद्भावना को बढ़ावा देगा जाट जागृति मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



**पानीपत।** अग्रवाल भवन में बैठक करते हुए उत्तर प्रदेश जाट जागृति मंच के पदाधिकारीगण। *फोटो: हरिभूमि*

उत्तर प्रदेश जाट जागृति मंच की मासिक बैठक का आयोजन हुडा सेक्टर स्थित अग्रवाल धर्मशाला में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंच के संयोजक नरेंद्र नरवाल ने की। बैठक की शुरूआत में शहीद साहिबजादों, शहीद उधम सिंह व पूर्व प्रधानमंत्री चौ चरण सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में मुख्य रूप से उत्तरप्रदेश जाट जागृति मंच के विस्तार के लिए पानीपत को जोन में बांटकर अलग-अलग कमेटियां गठित की गई व उनके कार्यों के मूल्यांकन के लिए साप्ताहिक तौर पर कोर कमेटी का भी गठन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से आपसी भाईचारा व सद्भावना को बना कर जाट समाज के युवाओं के लिए वैवाहिक प्रस्ताव तैयार करने बारे भी ड्यूटियां लगाई गई। बैठक में मुख्य रूप से यशपाल पंवार, महेश पंवार, अजय पंवार, धर्मपाल तोमर, नरेंद्र नरवाल, डीके खौखर, बिजेंद्र सिंह, सुरेन्द्र राणा, सतबीर तोमर, डॉ ओमपाल पंवार, महा सिंह खोखर, दरियाव सिंह मलिक, राजकुमार दूहन, चौ चरण सिंह, जयकुमार तुगाना आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



## कर्मचारियों को कर्म की महत्ता का पाठ पढ़ाया

**पानीपत।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जीटी रोड पानीपत में चल रहे हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण के तहत कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई। डीईओ पानीपत कुलदीप दहिया व डाइट प्राचार्य बिजेंद्र नरवाल के नेतृत्व में कर्मयोगी ट्रेनिंग के बैच नंबर 26 की मास्टर ट्रेनर रेखा दुहन व ममता दहिया ने शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी। एक दिवसीय ट्रेनिंग में मास्टर ट्रेनर रेखा दुहन व ममता दहिया ने कर्त्तव्य निर्वहन के माध्यम कमजोर कर्त्तव्य व जागृत कर्त्तव्य के अंतर को समझाया। इस प्रशिक्षण के दौरान समूह चर्चा के माध्यम से जागृत कर्त्तव्य का पाठ पढ़ाया गया। ट्रेनिंग के नोडल अधिकारी प्राचार्य सुरजीत सिंह ने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान सभी कर्मचारियों में सकारात्मक भाव से कर्म व कर्त्तव्य को पूरी निष्ठा से करने का भाव जागृत किया गया। इस अवसर पर स्टेट अवार्डी ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक, मुख्य शिक्षक जयदीप, दीपिका धवन, उमेद सिंह, मनीषा, ज्योति, प्रमिला, सुनील कादियान, सीमा मलिक मौजूद रहे।

# ईशम भाजपा में हुए शामिल

- विधायक महीपाल ढांडा ने उनका पटका पहना कर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत




**पानीपत।** ईशम पांचाल व उनकी टीम को भाजपा में शामिल करते हुए विधायक महिपाल ढांडा। *फोटो: हरिभूमि*

नगर निगम के वार्ड एक से पार्षद का चुनाव लड़ चुके ईशम पांचाल अपने समाज के साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा ने उनका पटका पहना कर स्वागत किया तथा विश्वास दिलाया कि पार्टी में उनको पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। भाजपा कार्यकताअरं की पार्टी है। जिसका ताजा उदाहरण मध्य प्रदेश, राजस्थान व छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनाए जाना है। जो कार्यकर्ता पार्टी के लिए जितनी मेहनत से कार्य करता है उसे उसके अनुसार ही पद दिया जाता है। वहीं ईशम पांचाल ने कहा कि भाजपा की अच्छी नीतियों, पीएम मोदी के बेहतर नेतृत्व व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ईमानदारी के साथ ही विधायक महीपाल ढांडा की दृढ़ इच्छा शक्ति से प्रभावित होकर वह भाजपा में शामिल हुए हैं। ईशम पांचाल के साथ भाजपा में शामिल होने वालों में जसबीर फौजी, नीरज पांचाल, जोगिंद्र रोहिल्ला, भूपेंद्र पांचाल, मनोज पांचाल, व डॉ.धर्मपाल पांचाल प्रमुख हैं।

## जनविश्वास खो चुकी है भाजपा सरकार: सचिन



**पानीपत।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान हरियाणा कांग्रेस व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस का 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हे कांग्रेस सरकार की हितैषी नीतियों से अवगत करा रहे हैं। ये शब्द युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू ने पानीपत ग्रामीण हलके की शिव नगर कॉलोनी, बबैल में 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने जनता से किए क भी वादे को पूरा नहीं किया, वहीं प्रदेश सरकार की गलत नीतियों से जनता का हर वर्ग परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सिर्फ सत्ता का भोग करती है जनता की सेवा नहीं करती। प्रदेश में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, अपराध का ग्राफ तेजी से बढ रहा है। जबकि प्रदेश सरकार इन गंभीर मुद्दों पर कुंभकर्णी नींद सो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार की लापरवाही के कारण पानीपत ग्रामीण हलके की बाहरी कालोनियों की हालत दयनीय है और जनता, नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर जनता से किया हर वादा पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर रमेश मलिक, राम रतन अग्रवाल, दीपक खटकड़, सुनील कश्यप, काला बुग्गी वाला, मुकेश शर्मा, मोहम्मद शमीम, मांगे राम कश्यप, राजीव, टिंकू, दीपक कश्यप, बिजेंद्र, रामबीर, शीशराम समेत बडी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### न्यायालय श्री बलवान नायब तहसीलदार-कम संयुक्त सब रजिस्ट्रार पानीपत।

सरकार बनाम जनरल पब्लिक
अधीन धारा 40-41 रजिस्टेशन ऐक्ट के तहत वसीयतनामा पंजीकृत करने बारे

**नोटिस**

आम व खास को सूचित किया जाता है कि हरविन्द्र सिंह पुत्र श्री अजैंब सिंह निवासी मकान नं. 569 माडल टाउन तहसील व जिला पानीपत ने एक दरखास्त धारा 40-41 रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत तहरीर शुदा वसीयतनामा दिनांक 22.10.2010 जो प्रार्थी की माता सुरजीत कौर पत्नी श्री अजैंब सिंह की तरफ से लिखा हुआ है को पंजीकृत करवाने के लिए मेरे/निम्न हस्ताक्षरी समक्ष पेश किया है। प्रार्थी की माता सुरजीत कौर पत्नी श्री अजैंब सिंह की दिनांक 24.10.2010 को मृत्यु हो चुकी है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया गया है। उक्त तहरीर शुदा वसीयतनामा दिनांक 22.10.2010 के तहत अपनी वर्णित सम्पति अपने पुत्र हरविन्द्र सिंह पुत्र श्री अजैंब सिंह के नाम की है इसलिए अब इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को इस वसीयतनामा के पंजीकरण होने में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन से तीस दिन के अन्दर-अन्दर कार्य वाले दिन, खुद या किसी भी अधिवक्ता के माध्यम से पेश होकर आपत्ति व्यक्त कर सकता है वरना उक्त तहरीर शुदा वसीयतनामा दिनांक 22.10.2010 बिना ऐतराज पंजीकृत कर दिया जाएगा।

यह नोटिस आज दिनांक 26-12-2023 को मेरे कार्यालय से जारी किया गया है।

हस्ता/- संयुक्त सब रजिस्टार
पानीपत

### न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।

नरेश पुत्र श्री सतपाल निवासी मकान नंबर 35-बी, आजाद नगर, पानीपत का हूं।
बनाम
जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि नरेश पुत्र श्री सतपाल निवासी मकान नंबर 35-बी, आजाद नगर, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता सतपाल पुत्र श्री रतन चन्द निवासी मकान नंबर 35-बी, आजाद नगर, वार्ड नंबर 16, पानीपत, की दिनांक 21.05.2014 को मृत्यु हो चुकी है। एवम प्रार्थी की दादी श्रीमति लक्ष्मी जी की काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस/उत्तराधिकारी दर्शाये गये है। प्रमोद देवी पार्षद, वार्ड नंबर 17, नगर निगम पानीपत, एवंम सुभाष पटवारी द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है:-

1. सतोन्ष विधवा, व 2. नरेश पुत्र, व 3. रवि पुत्र, व 4. सपना पुत्री श्री सतपाल पुत्र श्री रतन चन्द यानि कुल 4 ही वारिस है।

इनके इलावा मृतक सतपाल पुत्र श्री रतन चन्द का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 26-12-2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-
सब रजिस्ट्रार, पानीपत

## समाज सेवा संगठन ने कुष्ठ आश्रम निवासियों को गर्म वस्त्र बांटे

# धरती पर भगवान का स्वरूप हैं बुजुर्ग : प्रवीण

- हर सामर्थ नागरिक को दानपुण्य जरूर करना चाहिए
- दान पुण्य करने से दानदाता व उसके परिवार पर हमेशा भगवान का आशीर्वाद बना रहता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



**पानीपत।** समाजसेवा संगठन के स्वयंसेवी कुष्ठ आश्रम में गर्म जैकेट बांटते हुए।

समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया समाज सेवा संगठन की ओर से इस वर्ष के गर्म कपड़े वितरण अभियान के तहत मंगलवार को सौदापुर स्थित कुष्ठ आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों, औरतों व बच्चों को गर्म जैकेट वितरण की गई। जैन ने कहा हम बहुत ही भाग्य शाली है हमें बुजर्गो का आशीर्वाद मिला है। वहीं कुष्ठ रोगी भाई बहन हमारे समाज का ही हिस्सा है इनका हमको सहयोग करना चाहिए और आज मंगसीर के महीने की पुर्णवासी है आज के दिन का दान का बहुत बड़ा महत्व है। आजके लिए का किया दान 32 पुर्णवासी के बराबर दान लगता है और अगर किसी की भी नजर में ऐसा कोई परिवार हो जिसको गर्म कपड़ों की जरूरत है तो 9812863034 पर संपर्क करें बताए हमारी कोशिश होगी जरूरतमंद का सहयोग हो सके। उन्होंने कहा कि हर सामर्थ नागरिक को दानपुण्य जरूर करना चाहिए। दान पुण्य करने से दानदाता व उसके परिवार पर हमेशा भगवान का आशीर्वाद बना रहता है।

### समाज सेवा संगठन की कोशिश

समाज सेवा संगठन की कोशिश रहती हैं, ज्यादा से ज्यादा जरूरत मंद की सेवा होनी चाहिए। वहीं संगठन, वाटर कूलर लगाने जरूरत मंद लड़कियों की शादी करवाने दिव्यांगों को व्हीलचेयर हाथ रिक्शा बेसाखी वितरण, निर्धनों के इलाज करवाने स्कूलों में वर्दी व स्टेस्नरी वितरण करना, भंडारे लगाने का नेक कार्य कर रहा है। इस अवसर पर प्रवीण जैन, नीरज जैन, गंगा गुप्ता, कैलाश जैन, अमित जैन आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जींद: जिला परिवेदना समिति की बैठक कल

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि 28 दिसंबर को दोपहर तीन बजे स्थानीय डीआरडीए हॉल में जिला परिवेदना समिति की बैठक का आयोजन होगा। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह करेंगे। बैठक से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बैठक में निर्धारित समय पर पहुंचे।

### पुत्रवधु और पौती पर किया दरांत से हमला

**जींद।** गांव कालवन मे बेटे की लव मेरिज से खफा व्यक्ति ने अपनी पुत्रवधु तथा मासूम पौती पर तेजधार हथियार से हमला कर गभीर रूप से घायल कर दिया। गढी थाना पुलिस ने बेटे की शिकायत पर उसके पिता के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज कर आरोपित को काबू कर लिया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गांव कालवन निवासी सोमबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने 28 दिसंबर को बहादुरगढ़ निवासी रूचिका से लव मैरिज की थी।

### एक किलो 150 ग्राम चूरा पोस्त सहित आरोपी काबू

**कैथल।** चौकी महमुदपुर पुलिस द्वारा एक आरोपी को 1 किलो 150 ग्राम चूरा पोस्त सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी महमुदपुर पुलिस के एएसआई राजेंद्र सिंह की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान गांव अजीमगढ़ क्षेत्र में मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि चीका निवासी बलराज सिंह नशीला पदार्थ चुरा पोस्त बेचने का धंधा करता है।

### घर में घुसकर मारपीट करने पर पांच नामजद

**जींद।** गांव नगूरां में समाज की बैठक के दौरान कुछ लोगों द्वारा धक्कामुक्की किए जाने तथा धमकी देने पर अलेवा थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जुनायल जस्टिस बोर्ड की सदस्य नीरज देवी ने पुलिस को शिकायत दी है।

# निजी चिकित्सक के अस्पताल पर कब्जा, गृहमंत्री विज ने गुरुग्राम के पुलिस कमिश्नर को कार्रवाई के आदेश दिए

### अपने आवास पर गृहमंत्री ने लोगों की सुनी फरियाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने मंगलवार को अपने आवास पर प्रदेशभर से आए लोगों की शिकायतें सुनकर कार्रवाई के आदेश दिए। करनाल से आए एक व्यक्ति ने शिकायत में कहा कि उसकी लड़की आईटीआई में पढने गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी है। नीसिंग थाने में एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है। इस मामले में एसपी करनाल को फोन कर लड़की का पता लगाने के निर्देश दिए। पानीपत के गांव मनाना से आए एक व्यक्ति ने बताया कि उसके घर में चोरी हो गई थी। इस बारे में उसने पुलिस में शिकायत भी दी थी लेकिन पु कार्रवाई नहीं हो रही है। गुरूग्राम से आए एक प्राइवेट डॉक्टर ने बताया कि उसने एक प्राईवेट अस्पताल खोला था। पैसे के लेन देन के मामले में कुछ लोगों ने उसके अस्पताल पर कब्जा कर लिया है। पुलिस द्वारा भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। मंत्री ने सीपी गुरूग्राम को फोन कर इस मामले में उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। करनाल से आए एक व्यक्ति ने गांव के कब्रिस्तान में नजायज कब्जा होने व गंदगी डालने की शिकायत की। गांव खरखड़ी जिला ग्रुरूग्राम से आए एक व्यक्ति ने कहा कि जमीन के मामले में पुलिस जांच अधिकारी ने दूसरी पार्टी से मिलकर उल्टा हमारे उपर झूठा मुकद्दमा दर्ज किया है। आरोपित व्यक्तियों ने उसकी गर्भवती पत्नी के साथ मारपीट की व जान से मारने की धमकी भी दी। कुरूक्षेत्र से आए एक व्यक्ति ने बताया कि कि वह और उसका परिवार बाहर गए हुए थे, जब वे वापस आए तो देखा कि उनके घर में चोरी हो गई है। पुलिस में चोरी बाबत शिकायत दी गई लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई । गांव नगला नानकू से आए एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में कहा कि उसके पड़ोसी ने अपने घर की खिड़कियां उसके घर की ओर लगा दी हैं। इस बारे में पुलिस में भी शिकायत दी गई है लेकिन उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।



अंबाला। अपने आवास पर लोगों की शिकायतें सुनते गृहमंत्री अनिल विज।

#### योजना बनाने के निर्देश

*सुंदर नगर कॉलोनी मंडोर के एक व्यक्ति ने कहा कि वह 14 दिसंबर की रात को मंडौर के रास्ते से गाड़ी में आ रहा था। तभी कुछ बदमाश किस्म के व्यक्तियों ने उस पर हमला कर घायल कर दिया और 20 हजार रूपए व मोबाइल भी छीन लिया। शिकायत के बावजूद पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई नहीं की गई हैं। गांव फड़ौली से आए ग्रामवासियों ने मंत्री को बताया कि बारिश में गिरे बिजली के पोल को खड़ा करवाने, बर्गर किंग से खानपुर तक सडक को नई बनवाने तथा जोधा नाला/नदी की सफाई करवाने की मांग रखी। इसी तरह अन्य मामलों में भी गृहमंत्री अनिल विज ने अधिकारियों को कार्रवाई के आदेश दिए। इसी तरह अंबाला छावनी के लोगों ने स्ट्रे डोग्स की समस्या रखी। मंत्री ने नगर परिषद् के अधिकारियों को समस्या का समाधान करने लिए योजना बनाने के आदेश दिए।*

## गुरुद्वारा दोसड़का में चल रहा तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम

# सुंदर पगड़ी व धमाला साहिब के मुकाबले में युवाओं ने दिखाए जौहर

- गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों की याद में कई लोगों ने रक्तदान भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गुरू गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह तथा माता गुजर कौर की शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में गुरूद्वारा दोसड़का में चल रहे तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में मंगलवार को दूसरे दिन सुंदर पगड़ी, धमाला साहिब, कविता के मुकाबले हुए। अमृत संचार के अतिरिक्त रक्तदान कैंप का आयोजन भी किया गया। बता दें कि हर वर्ष की भांति इस बार भी छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह तथा माता गुजर कौर का शहीदी दिवस श्रद्धा से मनाया जा रहा है। तीन दिवसीय आयोजित कार्यक्रम में गत 25 दिसंबर को श्री अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ तथा विशाल नगर कीर्तन निकाला गया था। मंगलवार को गुरूद्वारा साहिब में सुंदर पगड़ी, धमाला साहिब, कविता मुकाबले तथा अमृत संचार करवाया गया। इसमें सिख बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। दस्तार मुकाबले में सतबीर सिंह प्रथम, परमवीर सिंह द्वितीय तथा शरगुन सिंह तृतीय स्थान पर रहें। धमाला साहिब मुकाबले में परमप्रीत सिंह पहले, जोतवीर सिंह दूसरे व सरताज सिंह तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार कविता मुकाबलों में दो ग्रुप बनाए गए थे। ग्रुप ए में हरशरण सिंह ने पहला, जसप्रीत सिंह ने दूसरा तथा सहज कौर ने तीसरा स्थान हासिल किया। ग्रुप बी में अव्वल प्रताप सिंह ने पहला, अविराज ने दूसरा तथा रणफतेह सिंह ने तीसरा स्थान पाया।



बराड़ा। रक्तदानियों को बैज लगाते एसडीएम व अन्य।



### धर्म के लिए गुरु गोबिंद सिंह ने परिवार को न्यौछावर किया

*नारायणगढ़। मंगलवार को राजकीय वरष्ठि माध्यमिक वद्यालय भरेड़ी कलां में सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की याद में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस दिवस पर वद्यालय प्रधानाचार्य जय प्रकाश गर्ग और गणित प्रवक्ता सुखवद्रिं कौर ने साहिबजादो एवं राजा टोडरमल के बलिदान तथा त्याग की गाथा सुनाई और विधार्थियों को साहिबजादों की प्रेरक जीवन कहानी एक डिजिटल विडियो एपीसोड भी दिखाई दी। गणित प्रवक्ता सुखवद्रिं कौर ने छात्रों को बताया कि गुरू गोविंद सिंह ने धर्म के लिए खुद को बलिदान कर दिया लेकिन मुगलों के सामने घुटने नहीं टेके। मुगल फौज के सेनापति वजीर खान ने गुरू के बेटों फतेह सिंह और जोरावर सिंह को दीवार में जिंदा चुनवा दिया था लेकिन उनके मुंह से उफ तक नहीं निकली।*



शहजादपुर। सिख संगत के साथ मौजूद जिप चेयरमैन राजेश लाड़ी व अन्य।

### गणेशपुर में साहिबजादों के शहीदी दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूम न्यूज ▶▶| शहजादपुर

गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह व फतेह सिंह के धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए वीर बाल दिवस पर गांव गणेशपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरमेन राजेश कुमार लाडी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि साहिब-ए-कमाल गुरू गोबिंद सिंह महाराज और माता गुजर कौर की शहीदी को कभी भुलाया नहीं जा सकता हैं। इस अवसर पर जिला परिषद.के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा भी मौजूद रहे। लाडी ने कहा कि यह हम सबकी जिम्मेवारी है कि हम साहिबजादों का जीवन संदेश हर बच्चे तक पहुंचाए, जिससे की बच्चे उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश का एक अच्छा नागरिक बन सकें। उन्होंने कहा कि मुगल शासकों के अत्याचारों के खिलाफ सरबंस दानी गुरू गोबिंद सिंह महाराज ने अपने दो साहिबजादों को युद्ध में कुर्बान कर दिया था। दो साहिबजादों ने धर्म व कौम के लिए स्वयं को दीवार में चिनवाकर कुर्बानी दी थी। इतिहास में यह घटना बाद में साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह के सर्वोच्च बलिदान के रूप में अंकित हो गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की पहल से ही पूरे देश में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाने लगा है। ब्लॉक समिति चेयरपर्सन सुखवंत कौर, सतीश कुमार मौजूद रहे।

# चीनी मिल के कुर्क होने के लिए सरकार जिम्मेदार

## प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने राज्य सरकार पर बोला हमला

- पिछले 9 वर्षो से सरकार शुगरमिल पर आंख कान बंद करके बैठी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

बनौंदी शुगर मिल के अटैच होने को लेकर अब प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षो से सरकार शुगरमिल पर आंख कान बंद करके बैठी रही। किसान की जीवन रेखा पर कुर्की की नौबत आ गई। उन्होंने कहा कि 2014 में हाईकोर्ट में नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड ने केस दायर किया था जिसमें अन्य के अलावा नारायणगढ शुगरमिल मिल भी पक्षकार थी। सिविल रिट पिटीशन में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश को इस मामले में रिटायर्ड जस्टिस की अगुवाई में सुप्रीम कमेटी का गठन कर दिया था ।उन्होंने कहा कि सुप्रीम कमेटी ने अपने आदेश दिनांक 24 अगस्त 2023 को शुगर मिल की संपतियों को अटैच कर दिया। 30 सितंबर 2019 की एसडीओ सिविल शुगर मिल की सीईओ भी है ने कैन कमश्निर को पत्र लिख इस सारे मामले से अवगत करते हुए एडवोकेट जनरल से कानूनी सलाह लेने के लिए लिखा लेकिन सरकार ने आंखे मुंदे रखी।

कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि यदि यह मिल कुर्क हो जाती है तो मिल से जुड़े लगभग 7 हजार किसानों को भारी नुकसान होगा। इस क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों के लिए जीवन मरण रोजी रोटी का यक्ष प्रश्न खड़ा हो जाएगा। मिल से नारायणगढ, साहा, मुलाना, साढौरा, अंबाला, पंचकूला जिलों के साथ साथ नारायणगढ सीमा के साथ लगते पंजाब के कई गांवों के लोग जुड़े हुए हैं। राम किशन ने कहा कि हम सरकार से मांग करते है कि इस सारे मामले पर त्वरित व गंभीर संज्ञान लेते हुए इस मामले की पैरवी कर किसानों को राहत दिलाएं।



नारायणगढ़। मीडिया से बातचीत करते कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राम किशन गुर्जर।

# जरुरतमंदों को कंबल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सर्दी के मौसम से बचाव के लिए श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान एवं प्रमुख समाजसेवी सत्य प्रकाश गुप्ता ने अपने परिजनों के सहयोग से लाला हरि चंद रविंद्र कुमार चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से नई अनाज मंडी में सैकड़ों जरुरतमंदों को गर्म कंबल तथा गर्म कपड़े वितरित किए। सत्य प्रकाश गुप्ता के साथ विनय गुप्ता, शीशपाल सिंगला, हंस राज सिंगला प्रधान श्री कृष्ण कृपा गौशाला, राज कुमार मित्तल, अशोक गर्ग व अंशुल बंसल सदस्य कार्यकारिणी, राजेश सिंगला प्रदेश महासचिव अग्रवाल वैश्य समाज, कपिल मित्तल कोषाध्यक्ष श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत, हरविंद्र बंसल व चत्तर सिंह इत्यादि ने तीन सौ से अधिक लोगों को गर्म कंबल दिए। विनय गुप्ता ने बताया कि सत्य प्रकाश गुप्ता ने छोटे भाई स्वर्गीय रविन्द्र गुप्ता की स्मृति में उनकी पुण्यतिथि पर कंबल वितरित किए। इसके उपरांत विशाल भंडारे में सैंकड़ों लोगों को भोजन करवाया गया।



कुरुक्षेत्र। अनाज मंडी में कंबल व गर्म कपड़े वितरित करते हुए।

# हिंदू धर्म में सुंदरकांड पाठ का विशेष महत्व

- श्रीमहेश्वर हनुमान मंदिर सेक्टर 13 में सुंदर कांड पाठ का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्री महेश्वर हनुमान मंदिर सेक्टर 13 में श्री बजरंग बालाजी दरबार द्वारा सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से संगत पहुंची। इस दौरान हिंदू सिख एकता के प्रतीक बजरंगी सरदार कुलवंत सिंह भट्टी ने हनुमान जी की सुंदर झांकी प्रस्तुत की और प्रभु श्रीराम के भजन गाए। भट्टी ने कहा कि मेरे व मेरे परिवार पर हनुमान जी की अपार कृपा है। जो मुझे प्रभु श्रीराम की कृपा से हनुमानजी का रूप मिला हुआ है। हनुमान जी सदैव उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहते है। श्रीबजरंग बालाजी दरबार के संयोजक बजरंग दास ने कहा कि सुंदर कांड का पाठ करने से प्रभु श्रीराम जी की कृपा होती है। हिंदू धर्म में सुंदरकांड पाठ का विशेष महत्व होता है। मान्यताओं के अनुसार जो भी व्यक्ति नियमित अंतराल में घर पर सुंदरकांड का पाठ करता है उसे बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त होता है।



कुरुक्षेत्र। प्रभु श्रीराम का गुणगान करते हिंदू सिख एकता के प्रतीक बजरंगी सरदार कुलवंत सिंह भट्टी।

# करोड़ा अब स्ट्रीट लाइटों से जगमगाएगा : गोलन

- विधायक रणधीर गोलन ने 45 लाख रुपये से गांव करोड़ा में स्ट्रीट लाइटों का किया उद्घाटन

**पूंडरी।** विधायक रणधीर गोलन ने कहा कि हलके में करोड़ों रुपये की धनराशि से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। अब गांव में ही लोगों को शहर जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। रात के समय में जैसे लाइटों से शहर जगमग रहते हैं, वैसे ही इसी तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र भी लाईटों से जगमग होने लगे। यह सब हलके वासियों के आशीर्वाद से हो पाया है। विधायक रणधीर गोलन मंगलवार को गांव करोड़ा में 45 लाख रुपये की धनराशि से स्ट्रीट लाइटों का उद्घाटन करने उपरांत बोल रहे थे। गांव करोड़ा में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। विधायक रणधीर गोलन ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हलके में विकास कार्य मंजूर करवाए जा रहे हैं। लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाता है। ग्रामीण यदि सामुहिक मांगों को मेरे समक्ष रखते हैं तो उन्हें तुरंत मुख्यमंत्री मनोहर से मंजूर करवाया जाता है। पूंडरी हलके में बहुत से गांवों में सामुदायिक भवनों का निर्माण करवाया गया है तथा कई गांवों में सामुदायिक भवन पर कार्य चल रहा है। कहा कि बिजली, पानी, स्वास्थ्य व अन्य मूलभूत सेवाओं का लाभ ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में प्रदान किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि वास्तव में ही विधायक रणधीर गोलन का काम करवाने की क्षमता में कोई मुकाबला नहीं हैं। पूरे हरियाणा में एकमात्र पूण्डरी हल्का है जहां सबसे ज्यादा ग्रांट विधायक ने सरकार से लाने का काम किया।

### सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**जींद।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर मंगलवार को सफाई कर्मियों ने शहर में प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के जिला कार्यकारी प्रधान ईश्वर सिंह ने किया।

प्रदर्शन से पहले ग्रामीण सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए यूनियन के जिला सचिव पवन कुमार ने बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को जिला में अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को समय पर मानदेय नहीं दिया जा रहा है। बड़ी संख्या में जिले के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का अक्टूबर महीने का भी मानदेय जारी नहीं हुआ है जबकि अभी हाल में पंचायत विभाग की ओर से बकाया वेतन जारी करने का लेटर भी जारी हो चुका है। इस महंगाई में एक-एक दिन काटना मुश्किल हो रहा है लेकिन स्थानीय अधिकारी सफाई कर्मचारियों की कोई सुध नहीं ले रहे हैं। इसके इलावा ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के ईएसआई कार्ड आजतक जारी नहीं हुए हैं। जिला में कई ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मौत हो चुकी है लेकिन आजतक उसके परिवार को सरकार की तरफ से कोई मुआवजा नहीं मिला है।

### साहिबजादों की शहादात को किया याद

अंबाला। गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों को स्मरण करते हुए मुरलीधर डीएवी विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा के अंतर्गत कविता, कहानी व शब्द के माध्यम से साहिबजादों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। अर्शप्रीत सिंह ने साहिबजादों की कहानी का वर्णन किया तो कक्षा पांच की लवली ने कविता के माध्यम बाबा फतेह सिंह वास जोरावर सिंह की शहादत को नमन किया। कक्षा 8 में श्रीमती उपेंद्र कौर द्वारा वीर बाल दिवस के उपलक्ष में प्रश्नोत्तरी का आयोजन

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

# स्कूल शिक्षा के मंदिर, पढ़ने वाले समाज की अमूल्य धरोहर

- संत मनदीप दास ने एसडीएम के साथ स्कूली छात्रों को यूनिफोर्म वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय सिरसगढ़ में यूनिफॉर्म वितरण समारोह का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संत मनदीप दास की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। समारोह में अति विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम बलविंदर सिंह हांडा व सरपंच रामनाथ मौजूद रहे । यहां अपने संबोधन में संत मनदीप दास ने कहा कि स्कूल शिक्षा के मंदिर है। इनमें पढ़ने वाले विद्यार्थी समाज की अमूल्य धरोहर हैं। संत मनदीप दास ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने भी शिक्षा के ऊपर जोर दिया है । साथ ही कहा की बच्चों को शिक्षा संबंधित जरूरतों का ख्याल रखना शिक्षकों के साथ समाज की भी जिम्मेदारी है इसलिए छात्रों की मदद करने से बेहद आत्मिक खुशी मिलती है।एसडीएम बलविंदर सिंह हांडा ने छात्रों को स्कूली वर्दी प्रदान करने पर संत मनदीप दास महाराज का आभार एवं धन्यवाद जताया । एसडीएम ने कहा कि संत मनदीप दास ने स्कूली छात्रों को जरुरत का सामान उपलब्ध करवाकर नेक काम किया है। उन्होंने दूसरे लोगों से भी ऐसी सेवा में अपनी आहुति देने की बात कही। इस मौके पर श्री गुरू रविदास धर्म अस्थान मंदिर सिरसगढ़ के प्रधान अमित मल , रमेश कुमार धीन एवं कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहें ।



अंबाला। स्कूली छात्रों को यूनिफोर्म का वितरण करते संत मनदीप दास व एसडीएम बलविंद्र हांडा। फोटो :हरिभूमि